- उपरोक्त में वर्णित सरल क्रमांक 1 से 3 अलवाई अनुज्ञा का अनुबंध निष्पादन परिपोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 01/07/2021 को 2 वर्ष की अवधि के लिए जिसकी समाप्ति 30/06/2023 है। इन पट्टों क्षेत्रों में अभी तक उत्खनन कार्य एवं खनिज उत्पादन नहीं किया है किन्तु कुछ स्थानों पर सतही तौर पर ग्रामीणों द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए खनन किया है, जो परिलक्षित होता है। जिसकी फुटी समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान की गई एवं खनिअधिकारी सरगुजा द्वारा भी मौखिक जानकारी उनके पत्र क्रमांक 593 दिनांक 17/05/2023 के माध्यम से दी गई है।
- उपरोक्त में वर्णित सरल क्रमांक 4 से 5 खदानों (02 खदान) को स्वीकृति 09/03/2021 को 2 वर्षों के लिए की गई थी, इसमें किसी भी प्रकार का अनुबंध नहीं किया गया है।
- समिति को परिपोजना प्रस्तावक द्वारा अनुबंध के पश्चात् 3 क्षेत्रों में खनिजों के उत्पादन नहीं करने एवं 02 क्षेत्रों में अनुबंध निष्पादन नहीं करने का कारण कोरोना काल एवं अन्य तकनीकी समस्या बताई गई। उपसमिति के सदस्यों के द्वारा भी परियोजना से विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई पौधा रोपण क्षेत्र का सुरक्षा एवं 60 प्रतिशत जीवित रखने के निर्देश भी दिये गये एवं कोरोना काल में उत्खनन एवं परिवहन एवं निर्माण की समस्या से भी अवगत हुए।
- उक्तानि परियोजना प्रस्तावक को ग्राम–मांजा में आवंटित उक्त 5 अलवाई अनुज्ञा के अनुसार उत्खनन कार्य एवं अनुबंध निष्पादन नहीं किया गया है फिर भी उनके द्वारा पर्यावरण स्वीकृति में दिए गए निर्देशानुसार सी.ई.आर. कार्य के अंतर्गत ग्राम–मांजा के गौठान एवं अन्य शासकीय भूमि में लगभग 500 पौधों का रोपण कार्य किया गया है। मांजा के समीप स्थित ग्राम–मोहनपुर के हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल में वृक्षारोपण किया गया है।
- अनुज्ञाधारी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग (बिलासपुर–अम्बिकापुर) के दोनों ओर पश्चिम्य लगभग 500 वृक्षों का रोपण किया गया है। उक्त वृक्षारोपण को सुरक्षात्मक दृष्टि से फेंसिंग करने तथा सिंचाई व्यवस्था आदि करने कारण

निर्देशित किया गया एवं जो पौधे जीवित नहीं है उसे भी बदलकर नया पौधा लगाने हेतु निर्देश दिया गया है।

- इसके अतिरिक्त शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर, मोहनपुर एवं ग्राम भांजा में हैण्डपंप के समीप वाटर निकासी हेतु सोकपिट (Rechange) का भी निर्माण कराया गया है।
- अनुज्ञाधारी द्वारा प्राथमिक शाला महेशपुर एवं भांजा में पेयजल हेतु स्कूल में वाटर फिल्टर भी उपलब्ध कराया गया है। ग्राम-भांजा के प्राथमिक शाला में पेय जल हेतु सिंटेक्स टंकी एवं नलजल कनेक्शन कार्य कराया गया है। (फोटोग्राफ संलग्न है।)
- उपरोक्तानुसार निरीक्षण उप समिति द्वारा तथ्यों को संज्ञान में लेकर सरपंच, शाखाओं एवं स्कूल शिक्षकों से भी चर्चा की गई एवं ग्राम लोगों ने भी कार्य संतोष जनक होना बताया है।
- अंत में समिति द्वारा की गई उपरोक्त प्लांटेशन, पानी टंकी, नलजल सप्लाई व्यवस्था एवं सोकपिट का एवं अन्य कार्यों का फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा आगामी 5 वर्ष तक रखरखाव / संधारण करने का निर्देश भी दिया गया।"

3. निरीक्षण के दौरान उपसमिति द्वारा परिसीमन प्रस्तावक को दिये गये निर्देशों के आधार पर वर्तमान में परिसीमन प्रस्तावक द्वारा दिनांक 23/06/2023 को ग्राम भांजा में स्थित स्वीकृत 5 अस्थाई अनुज्ञा के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है–

   i. ग्राम भांजा स्थित अस्थाई अनुज्ञा ख.क्र. 216/29 रकबा 1.00 हेक्ट., ख.क्र. 222/3 रकबा 0.700 हेक्ट., ख.क्र. 219/2 रकबा 0.810 हेक्ट., ख.क्र. का अनुज्ञा दिनांक 01.07.2021 को हुआ था तथा ख.क्र. 217/41 रकबा 1.00 हेक्ट. ख.क्र. 217/38 रकबा 1.00 हेक्ट. का अनुज्ञा वर्तमान दिनांक तक लंबित है।

   ii. उपरोक्त खदानों में उत्खनन कार्य कोरोना काल एवं तकनीकी समस्या की वजह से नहीं किया गया है, और ना ही उत्पादन किया गया है।

   iii. वर्तमान में उपरोक्त खदाने दिनांक 30.06.2023 तक स्वीकृत है। एवं पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 09.04.2021 से 08.04.2023 तक प्राप्त था। ख. क्र. 217/38 एवं 217/41 का पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 28.06.2021 से 27.06.2023 तक है।

   iv. उपरोक्त खदानों की स्वीकृति अवधि दिनांक 01.07.2021 से 30.06.2023 तक प्राप्त हुई है। एवं ख. क्र. 217/38 एवं 217/41 का वर्तमान तक अनुज्ञा निष्पादन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है।

   v. पर्यावरणीय स्वीकृति में दिये गए शर्तों के परिपालन में अनुज्ञाधारी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों का पालन किया गया है जो कि निम्नानुसार है–

      (1) ग्राम भांजा, ग्राम पंचायत भांजा के शासकीय परिसर में लगभग 500 पौधे रोपित किया गया है।

      (2) ग्राम भांजा, ग्राम पंचायत भांजा के शासकीय भूमि में लगभग 200 पौधो का रोपण कार्य किया गया है।

(3) ग्राम मोहनपुर में स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला में लगभग 250 पौधों का रोपण कार्य किया गया है।

(4) अनुज्ञाधारी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर प्रति वृक्ष लगभग 500 नग वृक्षारोपण किया गया है।

(5) अनुज्ञाधारी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर, शासकीय प्राथमिक शाला मोहनपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला भाजा में शौचालयों का निर्माण कार्य कराया गया है।

(6) अनुज्ञाधारी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर, एवं शासकीय प्राथमिक शाला भाजा में पेयजल हेतु वाटर फिल्टर उपलब्ध कराया गया है।

(7) शासकीय प्राथमिक शाला भाजा में पेयजल हेतु सिन्टेक्स टंकी एवं नल-जल कनेक्शन कार्य का संपादन जनहित हेतु कराया गया है।

4. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 593/ख.नि.1/खनिज/2023 अम्बिकापुर, दिनांक 17/05/2023 द्वारा केसर्स डी.डी. मायर (डी.डी.) की ग्राम भाजा में स्कीडूल 5 अक्वाई अनुज्ञा के संबंध में जानकारी प्रपत्र (अ) में तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार जानकारी निम्न है:-

अनुज्ञा क्रमांक	अनुज्ञा स्वीकृति दिनांक	अवधि		उत्खनन प्रस्तावित (घनमीटर)	अनुज्ञा दिनांक	उत्खनन स्थल	खदानों का अनुज्ञा स्थिति
2	3	4	5	6	7	8	9
222/3	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	194100	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञा दिया गया है।
216/29	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	86001.42	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञा दिया गया है।
216/3	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	139999.08	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञा दिया गया है।
217/36	-	-	-	-	-	निरंक	अनुज्ञा निस्तारण नहीं किया गया।
217/41	-	-	-	-	-	निरंक	

5. समिति का मत है कि सी.टी.ओ. कार्य एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु कि-पहीन समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.टी.ओ. एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित कि-पहीन समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

6. माननीय एन.जी.टी. प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा मानीय पर्यावरण विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2018 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 836/खनिज/खनि.ऊ/2022 अम्बिकापुर, दिनांक 18/07/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम–गांजा) का क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स डी. डी. गाबा (प्रो.डी.) (गांजा आर्डिनरी स्टोन टेम्परी परमिट क्वारी) को ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा के खसरा क्रमांक 74/83 एवं 74/49 में स्थित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर, 1 वर्ष में कुल क्षमता – 1,85,302 टन से अधिक न हो, हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि–**

1. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण उपरांत संबंधित स्थल के प्रायोजन से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर, जियोटैग फोटोग्राफ सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

2. उत्खनन हेतु आवंटित भूमि के भूमि स्वामियों के भूमि से संबंधित समस्त हितों की रक्षा, भारत के समस्त नियमों के अंतर्गत पालन की जिम्मेवारी परियोजना प्रस्तावक की रहेगी, इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वर्णित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

21. मेसर्स डी. डी. गाबा (प्रो.डी.) (गांजा आर्डिनरी स्टोन टेम्परी परमिट क्वारी), ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (संचालनालय का नस्ती क्रमांक 2140)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 206519/2022, दिनांक 27/08/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा स्थित खसरा क्रमांक 74/44, कुल क्षेत्रफल–0.812 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–2,33,800.36 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/11/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 43वीं बैठक दिनांक 29/11/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री आनन्द वर्मा, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एन.एम.ए.आई. द्वारा मेसर्स डी. डी. माइनर (ले.वी.) को जारी वर्क ऑर्डर की प्रति प्रस्तुत की गई है।
2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-** इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन एवं क्रशर स्थापना के संबंध में ग्राम पंचायत भांजा का दिनांक 24/01/2021 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
4. **उत्खनन योजना** – टी.पी. क्वारी प्लान, इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (ख.अ.), जिला-रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1344/ख.नि.-2/2022 रायगढ़, दिनांक 08/08/2022 द्वारा अनुमोदित है।
5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 834/खनिज/ख.नि.3/2022 अम्बिकापुर, दिनांक 18/07/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 833/ख.नि.3/2022 अम्बिकापुर, दिनांक 18/07/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, स्कूल, अस्पताल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
7. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. मेसर्स डी. डी. माइनर (ले.वी.) के नाम पर है जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 410/खनिज/ख.नि.3/ए.अ./2022 अम्बिकापुर, दिनांक 21/03/2022 द्वारा जारी की गई है। एल.ओ.आई. में 6 मीटर की गहराई तक पत्थर उत्खनन किया जाने का उल्लेख है। जिसके संदर्भ में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 6 (ख) तथा प्रावधान 9 की कंडिका अठारह (ख) के तहत् खनिज उपलब्धता के संदर्भ में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार जांच प्रतिवेदन में खनिज लगभग 100 मीटर की गहराई तक होना बताया गया है।
8. **भू-स्वामित्व** – भूमि खसरा क्रमांक 74/44 की हेमंत नंद सिंह के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामी का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सरगुजा उत्तरमंडल, अम्बिकापुर के ज्ञापन क्रमांक/वन.अधि./1381 अम्बिकापुर, दिनांक 01/07/2021 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र से 2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

11. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–गोंजा 800 मीटर, स्कूल ग्राम–गोंजा 1 कि.मी. एवं अस्पताल ग्राम–लखनपुर 7.2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.0 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 28.45 कि.मी. दूर है। रेहर नदी 1.65 कि.मी., नहर 1.45 कि.मी., तालाब 1.6 कि.मी. एवं मौसमी नाला 780 मीटर दूर स्थित है।

12. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

13. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 6,03,200 टन, माईनेबल रिजर्व 2,46,218 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 2,33,907 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 2.806 हेक्टेयर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 24 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.3 मीटर है तथा कुल मात्रा 2,085.5 घनमीटर है, जिसमें से 883 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को 7.5 मीटर (माईन बाउण्ड्री) क्षेत्र में पौधारोपण वृक्षारोपण के लिए उपयोग किया जायेगा। क्षेत्र की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 1 वर्ष है। लीज क्षेत्र में प्रकार भराव की प्रस्ताव नहीं किया गया है। जैक हैमर से ड्रिलिंग व कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाएगा। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	2,33,900.36

14. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 5.74 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जायेगी। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

15. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 279 पौध वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार वृक्षारोपण के लिए राशि 3,485 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 50,000 रूपये, खाद के लिए राशि 13,950 रूपये, सिंचाई एवं रख–रखाव के लिए राशि 1,35,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में राशि 2,02,435 रूपये तथा कुल राशि 5,98,500 रूपये आगामी 4 वर्षों हेतु पृथकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि "वृक्षारोपण के प्रयोजन की राशि को आवेदित खदान के 7.5 मीटर की हरित पट्टी में प्रयोजन अनुसार वृक्षारोपण किया जाकर राशि खर्च की जायेगी। खर्च किये गए राशि की जानकारी पर्यावरण स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में दिया जायेगा, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके द्वारा दी गई अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही के लिए मैं बाध्य रहूंगा"।

16. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

17. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
12.75	2%	0.255	Following activities at nearby Govt. primary school **Village- Mohanpur**	
			Running water arrangement in Toilet	
			Water tank (1,500 liter)	0.20
			Pipeline, Installtion & Accessories	
			Environment Conservation related Books	0.10
			Steel Almira	
			Plantation around school campus	0.48
			Total	**0.78**

18. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही सी.ई.आर. के अंतर्गत स्कूल परिसर में वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 40 नग पौधों के लिए राशि 400 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 8,000 रूपये, खाद के लिए राशि 1,000 रूपये, सिंचाई एवं रख–रखाव के लिए राशि 22,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 31,400 रूपये एवं द्वितीय वर्ष में 48,000 रूपये हेतु पाटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि "सी.ई.आर. के प्रयोजन के लिए चयनित राशि को सी.ई.आर. प्रयोजन के अनुसार खर्च किया जाएगा। खर्च किये गए राशि की जानकारी पर्यावरण स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में दिया जायेगा, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके द्वारा दी गई अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही के लिए मैं बाध्य रहूंगा"।

19. समिति का मत है कि सी.ई.आर. के अंतर्गत स्कूल परिसर में 100 वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधों, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का पाटकवार एवं समयवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

20. पूर्व में (1) मेसर्स डी.डी.गायत्री (जे.वी.), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रयोजन नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 184691/2020, दिनांक 22/07/2020), (2) मेसर्स डी.डी.गायत्री (जे.वी.), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रयोजन नम्बर – एसआईए

/सीजी /एसआईए / 165106/2020, दिनांक 25/07/2020), (3) मेसर्स डी.डी.नायर (जे.वी.), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एसआईए / 165106/2020, दिनांक 25/07/2020), (4) मेसर्स डी.डी. नायर (जे.वी.), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एसआईए /202667/2021, दिनांक 09/03/2021) एवं (5) मेसर्स डी.डी. नायर (जे.वी.), ग्राम–मांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एसआईए /202661/2021, दिनांक 09/03/2021) को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के सी.ई.आर. के भौतिक सत्यापन हेतु तीन सदस्यीय उपसमिति में श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़, श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति एवं क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, अम्बिकापुर का गठन किया जाना है।

21. ऊपरी मिट्टी को 7.5 मीटर (माईन बाउण्ड्री) क्षेत्र में वैज्ञानिक वृक्षारोपण के लिए उपयोग किये जाने उपरांत शेष 1,112.5 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर सहमति प्राप्त भूमि (भू–स्वामी – हेमंत नंद सिंह, खसरा क्रमांक 216/1 एवं 224/4) में भण्डारित कर संरक्षित किये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है। साथ ही ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर भंडारित कर संरक्षित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरूपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनःभराव में किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. कार्यालय सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उपखंड अम्बिकापुर जिला–सरगुजा के ज्ञापन दिनांक 25/11/2022 अनुसार "ग्राम मांजा के खसरा क्रमांक 74/44 के आस पास खुदाई के दौरान 100 फीट से अधिक गहराई में पानी उपलब्ध होता है" का उल्लेख है।

23. ब्लास्टिंग का कार्य डी.जी.एम.एस. द्वारा अधिकृत विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

27. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज नियमों के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

30. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–

1. सी.ई.आर. के अंतर्गत स्थल परिसर में 100 वृक्षारोपण किये जाने हेतु पौधे, बीडिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का घटकवार एवं लागतवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए।

2. पूर्व में (1) मेसर्स डी.डी.गावर (जे.वी.), ग्राम-गोंजा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 164661/2020, दिनांक 22/07/2020), (2) मेसर्स डी.डी.गावर (जे.वी.), ग्राम-गोंजा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 165108/2020, दिनांक 29/07/2020), (3) मेसर्स डी.डी.गावर (जे.वी.), ग्राम-गोंजा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 165108/2020, दिनांक 29/07/2020), (4) मेसर्स डी.डी. गावर (जे.वी.), ग्राम-गोंजा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /202557/2021, दिनांक 09/03/2021) एवं (5) मेसर्स डी.डी. गावर (जे.वी.), ग्राम-गोंजा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /202601/2021, दिनांक 09/03/2021) को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के सी.ई.आर. के भौतिक सत्यापन हेतु तीन सदस्यीय उपसमिति में श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़, श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति एवं क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, अम्बिकापुर का गठन किया जाता है। उपसमिति के निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्रस्ताव पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पृ. ज्ञापन दिनांक 02/03/2023 द्वारा परियोजना प्रस्तावक को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में जानकारी आज दिनांक तक अप्राप्त है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 02/03/2023 द्वारा श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़, श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति एवं क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, अम्बिकापुर को स्थल निरीक्षण किये

जाने हेतु सूचित किया गया। तदानुसार उपसमिति द्वारा दिनांक 10/04/2023 को स्थल निरीक्षण कर दिनांक 23/05/2023 को निरीक्षण प्रतिवेदन प्रेषित किया गया।

(ब) समिति की 47वीं बैठक दिनांक 14/06/2023

समिति द्वारा गवाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. सी.ई.आर. के अंतर्गत स्कूल परिसर में वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 100 नग पौधों के लिए राशि 1,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 15,000 रूपये, खाद के लिए राशि 5,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 9,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 30,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 40,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।
2. उपसमिति द्वारा प्रेषित निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

- "राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात समिति पर्यावास भवन सेक्टर–19 नया रायपुर के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2324 /एस.ई.ए.सी. /सरगुजा / दिनांक 02/03/2023 के पालनार्थ गठित उपसमिति द्वारा दिनांक 09/03/2021 एवं 10/07/2023 को डी.डी.गावर (जे.डी.) को पूर्व में सरगुजा जिले के ग्राम गांजा में आवंटित 5 अस्थायी अनुज्ञा क्षेत्रों का निरीक्षण दिनांक 10/04/2023 को किया गया।
- निरीक्षण के दौरान पर्यावरण संरक्षण बोर्ड सरगुजा के क्षेत्रीय अधिकारी श्री पी.के. राई, खनि निरीक्षक श्री विनोद साहू एवं श्री डी.डी.गावर कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधी गण उपस्थित थे।
- मेसर्स डी. डी. गावर (जे.डी.) को ग्राम गांजा तहसील लखनपुर जिला सरगुजा को 5 अस्थायी अनुज्ञा निम्नानुसार आवंटित है:–
  1. मेसर्स डी.डी. गावर (जे.डी.) को ग्राम गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल क्रमांक एसआईए / सीजी / एमआईएन / 164691 /2020) दिनांक 25/07/2022।
  2. मेसर्स डी.डी. गावर (जे.डी.) का ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल क्रमांक एसआईए / सीजी / एमआईएन / 165108 /2020) दिनांक 25/07/2022।
  3. मेसर्स डी. डी. गावर (जे.डी.) को ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला सरगुजा (प्रपोजल क्रमांक एसआईए / एमआईएन /165108 / 2020) दिनांक 25/07/2022।
  4. मेसर्स डी.डी. गावर (जे.डी.) को ग्राम–गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल क्रमांक एसआईए / एमआईएन / 202867 /2021) दिनांक 09/03/2021।
  5. मेसर्स डी.डी. गावर (जे.डी.) को ग्राम गांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा (प्रपोजल क्रमांक एसआईए / एमआईएन /202801/2021) दिनांक 09/03/2021।
- उपरोक्त में वर्णित सरल क्रमांक 1 से 3 अस्थाई अनुज्ञा का अनुबंध निष्पादन परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 01/07/2021 को 2 वर्ष की अवधि के लिए

जिसकी समाप्ति 30/06/2023 है। इन पट्टों क्षेत्रों में अभी तक उत्खनन कार्य एवं खनिज उत्पादन नहीं किया है किन्तु कुछ स्थानों पर मालूती तौर पर ग्रामीणों द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए खनन किया है, जो परिलक्षित होता है। जिसकी पूरी समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान की गई एवं क्षेत्र अधिकारी सरपुरा द्वारा भी मौखिक जानकारी उनके पत्र क्रमांक 582 दिनांक 17/08/2023 के माध्यम से दी गई है।

- उपरोक्त में वर्णित सरल क्रमांक 4 से 5 खदानों (02 खदान) को स्वीकृति 09/03/2021 को 2 वर्षों के लिए की गई थी, इसमें किसी भी प्रकार का अनुबंध नहीं किया गया है।
- समिति को परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुबंध के पश्चात् 3 क्षेत्रों में खनिजों के उत्पादन नहीं करने एवं 02 क्षेत्रों में अनुबंध निष्पादन नहीं करने का कारण कोरोना काल एवं अन्य तकनीकी समस्या बताई गई। उपसमिति के सदस्यों के द्वारा भी परियोजना से विभिन्न वहनुओं पर चर्चा की गई पौधा रोपण क्षेत्र का सुरक्षा एवं 80 प्रतिशत जीवित रखने के निर्देश भी दिये गये एवं कोरोना काल में उत्खनन एवं परिवहन एवं निर्माण की समस्या से भी अवगत हुए।
- यद्यपि परियोजना प्रस्तावक को ग्राम-गांजा में आवंटित उक्त 5 अस्थायी अनुज्ञा के अनुसार उत्खनन कार्य एवं अनुबंध निष्पादन नहीं किया गया है फिर भी उनके द्वारा पर्यावरण स्वीकृति में दिए गए निर्देशानुसार सी.ई.आर. कार्य के अंतर्गत ग्राम-गांजा के पठार एवं अन्य शासकीय भूमि में लगभग 500 पौधों का रोपण कार्य किया गया है। गांजा के समीप स्थित ग्राम-मोहनपुर के हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल में वृक्षारोपण किया गया है।
- अनुज्ञाधारी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग (बिलासपुर-अम्बिकापुर) के दोनों ओर पश्चिम लगभग 500 वृक्षों का रोपण किया गया है। उक्त वृक्षारोपण को सुरक्षात्मक दृष्टि से फेंसिंग करने तथा सिंचाई व्यवस्था आदि करने बाबत निर्देशित किया गया एवं जो पौधे जीवित नहीं है उसे भी बदलकर नया पौधा लगाने हेतु निर्देश दिया गया है।
- इसके अतिरिक्त शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर, मोहनपुर एवं ग्राम गांजा में हैण्डपंप के समीप वाटर रिचार्ज हेतु सोकपिट (Recharge) का भी निर्माण कराया गया है।
- अनुज्ञाधारी द्वारा प्राथमिक शाला महेशपुर एवं गांजा में पेयजल हेतु स्कूल में वाटर फिल्टर भी उपलब्ध कराया गया है। ग्राम-गांजा के प्राथमिक शाला में पेय जल हेतु सिंटेक्स टंकी एवं नलजल कनेक्शन कार्य कराया गया है। (फोटोग्राफ संलग्न है।)
- उपरोक्तानुसार निरीक्षण उप समिति द्वारा लोगों को संज्ञान में लेकर सरपंच, ग्रामवासी एवं स्कूल शिक्षकों से भी चर्चा की गई एवं उन लोगों ने भी कार्य संतोष जनक होना बताया है।
- अंत में समिति द्वारा की गई उपरोक्त वृक्षारोपण, पानी टंकी, नलजल स्थापना व्यवस्था एवं रिचार्जपीट का एवं अन्य कार्यों का फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा आगामी 5 वर्ष तक रखरखाव / संधारण करने का निर्देश भी दिया गया।"

3. निरीक्षण के दौरान उपस्थिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को दिये गये निर्देशों के आधार पर वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 23/06/2023 को ग्राम मांजा में स्थित स्वीकृत 5 अस्थाई अनुज्ञा के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

i. ग्राम मांजा स्थित अस्थाई अनुज्ञा ख.क्र. 216/29 रकबा 1.00 हेक्ट., ख.क्र. 222/3 रकबा 0.700 हेक्ट., ख.क्र. 219/2 रकबा 0.815 हेक्ट., ख.क्र. का अनुबंध दिनांक 01.07.2021 को हुआ था तथा ख.क्र. 217/41 रकबा 1.00 हेक्ट., ख.क्र. 217/36 रकबा 1.00 हेक्ट. का अनुबंध वर्तमान दिनांक तक लंबित है।

ii. उपरोक्त खदानों में उत्खनन कार्य कोरोना काल एवं तकनीकी समस्या की वजह से नहीं किया गया है, और ना ही उत्पादन किया गया है।

iii. वर्तमान में उपरोक्त खदाने दिनांक 30.06.2023 तक स्वीकृत है। एवं पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 09.04.2021 से 08.04.2023 तक प्राप्त था। ख. क्र. 217/36 एवं 217/41 का पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 28.06.2021 से 27.06.2023 तक है।

iv. उपरोक्त खदानों की स्वीकृति अवधि दिनांक 01.07.2021 से 30.06.2023 तक प्राप्त हुई है। एवं ख. क्र. 217/36 एवं 217/41 का वर्तमान तक अनुबंध निष्पादन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है।

v. पर्यावरणीय स्वीकृति में दिये गए शर्तों के परिपालन में अनुज्ञाधारी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों का पालन किया गया है जो कि निम्नानुसार है:–

(1) ग्राम मांजा, ग्राम पंचायत मांजा के शासकीय परिसर में लगभग 500 पौधे रोपित किया गया है।

(2) ग्राम मांजा, ग्राम पंचायत मांजा के शासकीय भूमि में लगभग 200 पौधों का रोपण कार्य किया गया है।

(3) ग्राम मोहनपुर में स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला में लगभग 250 पौधों का रोपण कार्य किया गया है।

(4) अनुज्ञाधारी के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर पंक्ति बद्ध लगभग 500 नग वृक्षारोपण किया गया है।

(5) अनुज्ञाधारी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर, शासकीय प्राथमिक शाला मोहनपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला मांजा में सोकपिट निर्माण कार्य कराया गया है।

(6) अनुज्ञाधारी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला महेशपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला मांजा में पेयजल हेतु वाटर फिल्टर उपलब्ध कराया गया है।

(7) शासकीय प्राथमिक शाला मांजा में पेयजल हेतु सिन्टेक्स टंकी एवं नल–जल कनेक्शन कार्य का संचालन जनहित हेतु कराया गया है।

4. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 583/ख. नि.1/खनिज/2023 अम्बिकापुर, दिनांक 17/08/2023 द्वारा मेसर्स डी.के. पावर (जे.वी.) को ग्राम मांजा में स्वीकृत 5 अस्थाई अनुज्ञा के संबंध में जानकारी

प्रपत्र (ज) में तैयार कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार जानकारी निम्न है –

अनुज्ञप्ति क्रमांक	अनुज्ञप्ति स्वीकृति दिनांक	अवधि		उत्खनन प्रस्तावित (घनमीटर)	अनुज्ञप्ति दिनांक	उत्खनन भाग	खदानों का अनुक्रमांक स्थिति
2	3	4	5	6	7	8	9
222/3	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	1941000	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञप्ति निरंक गया है।
218/36	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	56081.42	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञप्ति निरंक गया है।
219/2	01/07/2021	01/07/2021	30.06.2023	1368000	01/07/2021	निरंक	अनुज्ञप्ति निरंक गया है।
217/36	–	–	–	–	–	निरंक	अनुज्ञप्ति निलम्बन नहीं
217/41	–	–	–	–	–	निरंक	निरंक गया।

5. समिति का मत है कि सी.ई.आर. कार्य एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु कि-व्हीक समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित कि-व्हीक समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

6. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सर्वेट फण्डेन विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 138 ऑफ 2018 एवं अन्य) में दिनांक 12/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है–

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के द्वारा क्रमांक 834/खनिज/ख.नि.3/2022 अंबिकापुर, दिनांक 18/07/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम–भांजा) का क्षेत्रफल 0.979 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स डी. डी. रावत (प्रो.डी.) (भांजा आर्डिनरी स्टोन टेम्परेरी पर्मिट खदान) को ग्राम–भांजा, तहसील–लखनपुर, जिला–सरगुजा के खसरा क्रमांक 74/44 में स्थित लघुखनिज (सोन खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–0.979 हेक्टेयर, 1 वर्ष के कुल क्रमशः–2,33,900 टन से अधिक न हो, हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 160वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा

नस्ती/जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-**

1. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण उपरांत संबंधित स्कूल के प्राचार्य से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर, जियोटैग फोटोग्राफ सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
2. उत्खनन हेतु आवंटित भूमि के भूमि स्वामियों के भूमि से संबंधित समस्त हितों की रक्षा, भारत के समस्त नियमों के अंतर्गत पालन की जिम्मेदारी परियोजना प्रस्तावक की रहेगी, इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त सहित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

22. गेरवा मोहम्दरा माईन्स स्टोन क्वारी (प्रो.- श्री शैलेष राय), ग्राम-मोहम्दरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2154)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी/ एमआईएन/ 286116/2022, दिनांक 27/07/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (मीन खनिज) खदान है। खदान ग्राम-मोहम्दरा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली स्थित खसरा क्रमांक 696, 694/2 एवं 743, कुल क्षेत्रफल-0.563 हेक्टेयर में है। खदान की आवंटित उत्खनन क्षमता-3,326 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनांक 08/11/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 434वीं बैठक दिनांक 18/11/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दीपक कुमार राय, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**
   - पूर्व में चूना पत्थर खदान खसरा क्रमांक 694/2, 696 एवं 743, कुल क्षेत्रफल – 0.562 हेक्टेयर, क्षमता – 3,500 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण आघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला-मुंगेली दिनांक 01/08/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 5 वर्ष की अवधि तक थी।

     परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार:-

"9A. Notwithstanding anything contained in this Notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this Notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid."

उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 30/08/2023 तक वैध होगी।

ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में आवेदन दिनांक 17/11/2022 को किया गया है, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। साथ ही पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में आवेदन दिनांक 17/11/2022 को किया जाना बताया गया है। अतः समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

iii. निर्धारित शर्तानुसार 200 नग वृक्षारोपण किया गया है।

iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक/1387/खनि.02/2021 मुंगेली, दिनांक 26/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्पादन (टन)
दिनांक 01/09/2017 से 31/03/2018 तक	250
2018-19	650
2019-20	870
2020-21	1,370

v. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक/824/खनि.02/2022 मुंगेली, दिनांक 16/11/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार 2021-22 में किये गये उत्खनन की मात्रा 1,880 टन है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत सोहागपुरा का दिनांक 09/08/2023 का अनापत्ति प्रमाण पत्र 5 वर्ष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि प्रस्तुत ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता वर्तमान में समाप्त हो चुकी है। अतः उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यवाही बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. **उत्खनन योजना** – खदानी प्लान एवं विस्तृत खदानी क्लोजर प्लान एण्ड इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशासन), जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के ज्ञापन क्रमांक 1871/खनि /तीन–1/2018 बलौदाबाजार, दिनांक 27/01/2017 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान**– कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 715/खनि–03/2020 मुंगेली, दिनांक 26/09/2022 अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 5 लघुखनिज खदानें, क्षेत्रफल 3.676 हेक्टेयर है, इसके अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर अवस्थित 1 अन्य डोलोमाईट खदान, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 29/07/2020 को एल.ओ.आई. जारी किया गया है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 1387/खनि–03/2020 मुंगेली, दिनांक 28/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनीकट, बांध एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **लीज का विवरण** – लीज श्री सैलेश राय के नाम पर है। लीज डीड 5 वर्षों अर्थात् दिनांक 13/06/2006 से 12/06/2011 तक की अवधि हेतु किए थी। तत्पश्चात् लीज डीड 25 वर्षों अर्थात् दिनांक 13/06/2011 से 12/06/2036 तक की अवधि हेतु विस्तारित की गई है।

7. **भू–स्वामित्व** – भूमि खसरा क्रमांक 696 श्री मनोज राय, खसरा क्रमांक 694/2 श्रीमती विनीता राय एवं खसरा क्रमांक 743 श्री भोला के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों का सहमति पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2018 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बिलासपुर वनमण्डल, जिला–बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.वि./3878/ बिलासपुर, दिनांक 05/11/2008 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–गोहपट्टा 300 मीटर, स्कूल ग्राम–गोहपट्टा 800 मीटर एवं अस्पताल ग्राम–सरगांव 2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 530 मीटर एवं राज्यमार्ग 16 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 3.8 कि.मी., मीलनी नाला 3.85 कि.मी., तालाब 300 मीटर एवं नहर 5.1 कि.मी. दूर है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राष्ट्रीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित खदानी प्लान के अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 2,03,205 टन (81,562 घनमीटर), माइनेबल रिजर्व 40,783 टन (16,326 घनमीटर) है। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 1,88,842 टन

(79,537 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 35,853 टन (14,381 घनमीटर) शेष है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीम पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 2,782.5 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 15 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर थी, जिसे पूर्व से ही उत्खनित किया जा चुका है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 20 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं बंदूक से ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	3,325	षष्टम	3,325
द्वितीय	3,325	सप्तम	3,325
तृतीय	3,325	अष्टम	3,325
चतुर्थ	3,325	नवम	3,325
पंचम	3,325	दशम	3,325

13. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 2.92 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से की जायेगी। इस बाबत् ग्राम पंचायत गोहमढ़ा का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

14. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 278 नग वृक्षारोपण वृक्षारोपण किया जाएगा। वर्तमान में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है। शेष 78 नग वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव		50,000	50,000	50,000	50,000	50,000
खदान की बाउण्ड्री में (78 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण हेतु राशि	780	–	–	–	–
	खाद हेतु राशि	6,900	6,900	6,900	6,900	6,900
	बोरिंग, सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000
कुल राशि = 11,60,260		2,32,680	2,31,900	2,31,900	2,31,900	2,31,900

15. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीम पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीम पट्टी का कुल क्षेत्रफल 2,782.5 वर्गमीटर क्षेत्र है,

जिसमें से 191 क्यूबिक मीटर क्षेत्र 4 मीटर की गहराई तक उत्खनित है, जिसका उल्लेख अनुमोदित खनी प्लान में किया गया है। उक्त के संबंध में प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उक्त उत्खनित क्षेत्र का पुनर्भरण किया जा चुका है। प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन किया जाना पाये जाने पर परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

16. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मोन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु मानक पर्यावरणीय शर्तें जारी की गई है। शर्त क्रमांक VIII(i) के अनुसार:-

"The Project Proponent shall develop greenbelt in 7.5m wide safety zone all along the mine lease boundary as per the guidelines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. The whole green belt shall be developed within first 5 years starting from windward side of the active mining area. The development of greenbelt shall be governed as per the EC granted by the Ministry irrespective of the stipulation made in approved mine plan."

उक्त मानक शर्त के अनुसार माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है।

17. **पैर माईनिंग क्षेत्र** – लीज क्षेत्र में संकीर्ण होने के कारण 470 क्यूबिक मीटर क्षेत्रफल को पैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है, जिसका उल्लेख अनुमोदित खनी प्लान में किया गया है।

18. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
24.18	2%	0.483	Following activities at Government Primary School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.25
			Running water arrangement in toilet	0.25
			Total	**0.50**

19. सी.ई.आर. के तहत प्रस्तावित स्कूल के प्रधानाचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि प्रस्तुत सी.ई.आर. कार्य के अतिरिक्त प्रस्तावित स्कूल में आसपास एवं पर्यावरण संबंधी सुधारों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

20. बहुरोन क्लासिक का कार्य विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. परियोजना से जिन-जिन स्थानों से फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थानों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं उक्त पौधों का 90 प्रतिशत जीवन दर सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बायण्डी मिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

27. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा उपलब्ध सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यवाही बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत सी.ई.आर. प्रस्ताव के अतिरिक्त सहमति अनुसार प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक पर्यावरण संबंधी सुधारों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत मोहभट्ठा का दिनांक 15/11/2008 का अनापत्ति प्रमाण पत्र 5 वर्ष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि प्रस्तुत ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता अवधि में समाप्त हो चुकी है। अतः उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यवाही बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान एलांग विथ क्वारी क्लोजर प्लान एण्ड इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्रशासन), जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के ज्ञापन क्रमांक 2284/खनि./तीन–1/2016 बलौदाबाजार, दिनांक 17/02/2017 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–मुंगेली के ज्ञापन क्रमांक 714/खनि–02/2022–23 मुंगेली, दिनांक 26/09/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 5

खदानें, क्षेत्रफल 3.757 हेक्टेयर है, इसके अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर अवस्थित 1 अन्य बोल्डरलाईट खदान, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 28/07/2020 को एल.ओ.आई. जारी किया गया है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्गती के ज्ञापन क्रमांक 1369/खनि–03/2020 दुर्गती, दिनांक 28/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मजार, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, बांध एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – भूमि आवेदक के नाम पर है। पूर्व में लीज की लेख चुनेजा के नाम पर थी। लीज डीड 5 वर्षों अर्थात् दिनांक 08/07/2010 से 07/07/2015 तक की अवधि हेतु दिया थी। लीज डीड का हस्तांतरण दिनांक 12/03/2013 को श्रीमति विनीता राय के नाम पर किया गया। तत्पश्चात लीज डीड 25 वर्षों अर्थात् दिनांक 08/07/2015 से 07/07/2040 तक विस्तारित की गई है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय उपमण्डलाधिकारी, बिलासपुर उपमण्डल, जिला–बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/म.वि./777 बिलासपुर, दिनांक 23/01/2010 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–मोहनपुरा 300 मीटर, स्कूल ग्राम–मोहनपुरा 820 मीटर, एवं अस्पताल ग्राम–सरगांव 1.9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 430 मीटर एवं राज्यमार्ग 16.2 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 3.7 कि.मी., भीसमी नाला 3.75 कि.मी., तालाब 300 मीटर एवं नहर 5.1 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 1,54,550 टन (61,860 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 58,074 टन (23,229 घनमीटर) है। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 1,46,282 टन (58,517 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 50,134 टन (20,053 घनमीटर) शेष है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,850 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मैकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 15 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर तथा कुल मात्रा 882 घनमीटर थी, जिसे पूर्व में ही उत्खनित किया जा चुका है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 25 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं अंडोल ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण

हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	5,925	षष्टम	4,700
द्वितीय	4,700	सप्तम	4,700
तृतीय	4,700	अष्टम	4,700
चतुर्थ	4,700	नवम	4,700
पंचम	4,700	दशम	4,700

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 2.75 घनमीटर प्रतिदिन होगी है। जल की आपूर्ति बोरवेल एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से की जायेगी। इस बाबत् ग्राम पंचायत भोलाखट्टा का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में खाई और 7.5 मीटर की पट्टी में 200 नग वृक्षारोपण किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर वर्षाकालीन प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण		प्रथम वर्ष (रूपये)	द्वितीय वर्ष (रूपये)	तृतीय वर्ष (रूपये)	चतुर्थ वर्ष (रूपये)	पंचम वर्ष (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/चहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव		50,000	50,000	50,000	50,000	50,000
खदान के बाउण्ड्री में (200 नग) वृक्षारोपण के रख-रखाव हेतु	खाद हेतु राशि	5,000	5,000	5,000	5,000	5,000
	कीटिंग, सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000	1,75,000
कुल राशि = 11,50,000		2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000	2,30,000

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – प्रस्तुतिकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र के खाई और 7.5 मीटर की सीमा पट्टी का कुल क्षेत्रफल 1,050 वर्गमीटर क्षेत्र है, जिसमें से वर्तमान आवेदक को लीज जारी होने के पूर्व से ही 875 वर्गमीटर क्षेत्र 10 मीटर की गहराई तक उत्खनित है, जिसका उल्लेख अनुमोदित खाकी प्लान में किया गया है। प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन किया जाना पाये जाने पर परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

15. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा नीन ओपन माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु मानक पर्यावरणीय शर्तें जारी की गई है। शर्त क्रमांक VIII (i) के अनुसार:-

"The Project Proponent shall develop greenbelt in 7.5m wide safety zone all along the mine lease boundary as per the guidelines of CPCB in order to arrest pollution emanating from mining operations within the lease. The whole green belt shall be developed within first 5 years starting from windward side of the active mining area. The development of greenbelt shall be governed as per the EC granted by the Ministry irrespective of the stipulation made in approved mine plan."

उक्त मानक शर्त के अनुसार माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
22.43	2%	0.448	Following activities at Government Middle School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
				0.47

17. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्रधानाचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक की सहमति अनुसार प्रस्तुत सी.ई.आर. कार्य के अतिरिक्त प्रस्तावित स्कूल में आतंरिक एवं पर्यावरण संबंधी सुधारों का भी प्रस्ताव सम्मिलित करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

18. स्कूल प्रबंधन का कार्य विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना से जिन-जिन स्थलों से म्युनिसिपल वेस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर निर्मित जल निकासी की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं उक्त पौधों का 80 प्रतिशत जीवन दर सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बारगुड़ी मिलर्स द्वारा बीपरकोल का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

25. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा उपलब्ध कार्यवाही से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र (कार्यवाही बैठक एवं दिनांक सहित) प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत सी.ई.आर. प्रस्ताव के अतिरिक्त सहमती अनुसार प्रस्तावित स्कूल में आवश्यक, पर्यावरण संबंधी पुस्तकों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. कार्य का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

5. माईन लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन के कुछ भाग में किये गये उत्खनन के कारण इस क्षेत्र के उपचारी उपायों (Remedial Measures) के संबंध में तथा लीज क्षेत्र के अंदर माईनिंग क्रियाकलापों के कारण उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आवश्यक उपायों तथा वृक्षारोपण आदि के लिये समुचित उपायों बाबत् संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नया रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) को पत्र लेख किया जाए।

6. प्रतिबंधित 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी में अवैध उत्खनन पाये जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण

मंडल, नया रायपुर अटल नगर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया जाए।

उपरोक्त सहित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/01/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 19/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(अ) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023:

समिति द्वारा नवीन प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में दिनांक 07/11/2022 को तथा क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर में दिनांक 07/11/2022 को आवेदन किया गया है। साथ ही एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ ज्ञापन दिनांक 09/01/2023 के माध्यम से एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर को पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुरोध पत्र लिखा गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्तावित पालन प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत एस.ई.ए.सी./एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार किये गये वृक्षारोपण के पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है।
3. उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत गोडपठ्ठा का दिनांक 15/11/2009 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि दिनांक 15/11/2009 को जारी पंचायत प्रस्ताव में लिखी गई शर्त के अनुसार पंचायत प्रस्ताव प्राप्ति के 1 वर्ष के भीतर खनिज विभाग से लीज स्वीकृत कराना अनिवार्य था। पंचायत प्रस्ताव में दी गई उक्त शर्त के अनुसार डी खनिज विभाग से 08/07/2010 को 1 वर्ष के भीतर लीज अनुबंध करवा लिया गया था। अतः उक्त पंचायत प्रस्ताव प्रभावशील है।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित स्कूल में आवासीय, पर्यावरण संबंधी पुस्तकों का भी प्रस्ताव शामिल करते हुये सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh

				Rupees)
22.43	2%	0.448	Following activities at Government Middle School **Village- Mohbhatta**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.30
			Running water arrangement in toilet	0.17
			Books related to Environment Conservation and Almira for Books	0.10
				0.57

सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित मद्दों के प्रावधान (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. समिति का मत है कि सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-सदस्यीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-सदस्यीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

6. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सतीश चन्द्रेश विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:-

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-बुरहानपुर के ज्ञापन क्रमांक 714/खनि-02/2022-23 बुरहानपुर, दिनांक 26/09/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 5 खदानें (चूना पत्थर), क्षेत्रफल 3.757 हेक्टेयर है, इसके अतिरिक्त 500 मीटर के भीतर अवस्थित 1 अन्य डोलोमाईट खदान, क्षेत्रफल 4.97 हेक्टेयर है, जिसे दिनांक 29/07/2020 को एन.जी.आई. जारी किया गया है। आवेदित खदान (ग्राम-मोहभट्टा) का क्षेत्रफल 0.482 हेक्टेयर है। आवेदित खदान चूना पत्थर खदान है। इस प्रकार सड़क खनिज (चूना पत्थर) हेतु आवेदित खदान (ग्राम-मोहभट्टा) को मिलाकर कुल रकबा 4.239 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित सड़क खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स मोहमट्टा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती विनीता राय) को ग्राम–मोहमट्टा, तहसील–पत्थरिया, जिला–मुंगेली के खसरा क्रमांक 652, 653 एवं 654 में स्थित चूना पत्थर (लीम स्टोन) खदान, कुल क्षेत्रफल–0.482 हेक्टेयर, क्षमता – 4,700 टन प्रतिवर्ष हेतु सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

3. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 20/03/2023 को संपन्न 142वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया:–**

1. समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये आवेदक – मेसर्स मोहमट्टा लाईम स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती विनीता राय) को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा निर्धारित शर्तों के अंतर्गत निर्देश दिये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पालन नहीं किये जाने की स्थिति में विधिवत् कार्यवाही की जाएगी।

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किये जाने के उपरांत एवं नियमानुसार जानकारी/दस्तावेज पूर्ण होने की स्थिति में ही परियोजना प्रस्तावक को सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र जारी किया जाए।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/03/2023 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से आज दिनांक तक अप्राप्त है।

वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज प्राप्त नहीं होने के संबंध में दिनांक 21/04/2023 को सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने बाबत् अनुशंसा पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 22/06/2023 को संपन्न 146वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा पत्र में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

ग्राम मोहमट्टा तहसील पत्थरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) के खसरा क्रमांक 652, 653, 654 में आवंटित क्षेत्र रकबा 0.482 हेक्टेयर क्षेत्र में चूना पत्थर (लीम स्टोन) उत्खनन क्षमता 5,825 टन प्रतिवर्ष हेतु खदान को जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात प्राधिकरण जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 01/09/2017 को जारी पर्यावरण स्वीकृति क्रमांक 1178/खनि 02/डी.ई.आई.ए.ए. प्राप्त है। उक्त पर्यावरण स्वीकृति हेतु सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त करने के लिए दिनांक 17/11/2022 को क्षेत्रीय

अधिकारी, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, एम.डी.डी.एक. अरण्य भवन सेक्टर 19, नया रायपुर अटल नगर को आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

दिनांक 17/11/2022 को सदस्य सचिव, पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर रायपुर छ.ग. को सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

दिनांक 17/11/2022 को क्षेत्रीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर (छ.ग.) में भी सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। आज दिनांक तक उक्त कार्यालयों से हमें सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त नहीं हो पाया है।

पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त न हो पाने के कारण मेरी खदान में उत्पादन रुका हुआ है, जिससे खदान में कार्यरत दर्जन भर से ऊपर मजदूरों के परिवार को रोजगार नहीं मिल पा रहा है एवं उनकी आजीविका का साधन बंद हो गया है अतः हम समस्त की आजीविका के साधन को प्रदान करने के लिए मुझे पर्यावरण स्वीकृती जारी करने की कृपा करें। जमा किए गए पालन प्रतिवेदन का सर्टिफाईड कम्प्लायंस प्राप्त हो जाने पर जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। इस संबंध में शपथ पत्र दिनांक 19/01/2023 को राज्य स्तर पर्यावरण विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावास भवन सेक्टर–19, नया रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.) में जमा किया गया है। अतः आवेदित प्रकरण में सशर्त पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से पूर्व में प्राधिकरण की 142वीं बैठक दिनांक 20/03/2023 में निर्णय लिया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन मंगाये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल को पत्र लेख किया जाए।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 06/06/2023 के परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 04/07/2023 को प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि** सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, नया रायपुर अटल नगर द्वारा प्रेषित पालन प्रतिवेदन में परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्णतः शर्तों का पालन किया जाना पाया गया तथा रोपित किये गये 200 नग पौधों में से 160 नग पौधे जीवित हैं।

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से पूर्व में प्राधिकरण की 142वीं बैठक दिनांक 20/03/2023 में लिये गये निर्णय के आधार पर पर्यावरणीय स्वीकृति निम्न अतिरिक्त शर्तों के अधीन जारी किये जाने का निर्णय लिया गया:–

1. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण उपरांत शासकीय संस्थान (राजस्व विभाग) से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर, सिंगरौली फोटोग्राफ सहित जानकारी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित किया जाए।
2. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही वृक्षारोपण का रख-रखाव आगामी 5 वर्ष तक सुनिश्चित करते हुये मृत पौधों को प्रतिस्थापित (Mortality replacement) किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को शर्तों पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया जाए।

2. मेसर्स श्रीमती नीलम चोपड़ार (चंवरढाल लाईम स्टोन माईन), ग्राम-चंवरढाल, तहसील व जिला-राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1288)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 152544/ 2020, दिनांक 05/05/2020 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 194316/2020, दिनांक 04/07/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (लीम स्टोन) खदान है। खदान ग्राम-चंवरढाल, तहसील व जिला-राजनांदगांव स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 381/1, कुल क्षेत्रफल-2.02 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता-49,999 टन प्रतिवर्ष है।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के प्रावधान क्रमांक 2317, दिनांक 28/03/2021 द्वारा प्रकरण 'बी1' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2016 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अन्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) हेतु टी.ओ.आर. जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के प्रावधान दिनांक 19/10/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 431वीं बैठक दिनांक 28/10/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री समीर चोपड़ार, अधिकृत प्रतिनिधि एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स वी एण्ड एम सीमुक्षन, नोएडा, उत्तरप्रदेश की ओर से श्री राहुल कुमार उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**

   i. पूर्व में चूना पत्थर खदान खसरा क्रमांक 381/1, कुल क्षेत्रफल-2.024 हेक्टेयर, क्षमता-49,999 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण सम्मेलन निर्धारण प्राधिकरण जिला-राजनांदगांव द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 10/01/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2020 तक वैध थी।

   ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,

रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

iii. निर्धारित मानकानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 1859/खनि.02/2022 राजनांदगांव, दिनांक 21/10/2022 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्खनन (टन)
2017–18	22,216
2018–19	निरंक
2019–20	निरंक
2020–21	निरंक
2021–22	निरंक

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बरबसपुर का दिनांक 18/11/2008 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप–संचालक (ख.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म नया रायपुर अटल नगर के पृ. ज्ञापन क्रमांक 4325/खनि 02/म.प्र.अनुमोदन/म.ख.05/2019(1) नया रायपुर, दिनांक 27/10/2020 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 1860/ख.नि. 02/2022 राजनांदगांव, दिनांक 21/10/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर 4 खदानें, क्षेत्रफल 6.364 हेक्टेयर है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 264/ख.नि. 03/2020 राजनांदगांव, दिनांक 30/01/2020 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज श्रीमती नीलम चोपड़ा के नाम पर है। लीज डीड 5 वर्षों अर्थात् दिनांक 31/07/2007 से 30/07/2012 तक की अवधि हेतु किया थी। लीज डीड का प्रथम नवीनीकरण दिनांक 31/07/2012 से 30/07/2017 तक की अवधि हेतु किया गया था। तत्पश्चात् लीज डीड 20 वर्षों अर्थात् दिनांक 31/07/2017 से 30/07/2037 तक की अवधि हेतु विस्तारित की गई है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल डोंगरगढ़, जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक/म.नि./म.क्र./10–1/2020/1844 राजनांदगांव, दिनांक 24/02/2020 से जारी अनापत्ति

प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 9 कि.मी. की दूरी पर है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–खरवड़ाल 480 मीटर, स्कूल ग्राम–खरवड़ाल 1 कि.मी. एवं अस्पताल राजनांदगांव 16 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 16 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 3.35 कि.मी. दूर है। तालाब 2.25 कि.मी. एवं औरा नदी 8.4 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 8,44,537 टन, माईनेबल रिजर्व 5,37,412 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 5,10,541 है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीम पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 4,085 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट लेयी कैकेनाइजड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 25 मीटर है, जिसमें से पहाड़ी क्षेत्र की ऊँचाई 10 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 1 मीटर थी, जिसे पूर्व में उत्खनित किया जा चुका है। क्षेत्र की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 11 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। जीरो हैलर से ड्रिलिंग एवं बल्टोन ब्लास्टिंग किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)	वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	48,165	षष्टम	49,992
द्वितीय	49,986	सप्तम	49,989
तृतीय	49,986	अष्टम	49,732.5
चतुर्थ	49,992	नवम	48,920.2
पंचम	49,991.5	दशम	47,594

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जाती है। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 855 नग वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
खदान के बाउण्ड्री में (855 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (50 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	49,750	4,940	4,940	4,940	4,940
	पौधिन हेतु राशि	1,27,400	–	–	–	–
	खाद हेतु राशि	4,920	487	487	487	487

	सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	2,66,000	2,16,000	2,16,000	2,16,000	2,16,000
कुल राशि = 13,33,808		4,46,100	2,21,427	2,21,427	2,21,427	2,21,427

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उपबन्ध** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उपबन्ध कार्य नहीं किया गया है।

15. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण** :–

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य मार्च से 15 जून 2021 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 10 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 10 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 6 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. **मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल**–

Concentration level (µg/m^3) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (µg/m^3)	Maximum (µg/m^3)	CPCB Standard (µg/m^3)
$PM_{2.5}$	25.87	35.56	60
PM_{10}	46.54	68.23	100
SO_2	8.54	14.66	80
NO_2	10.84	21.09	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता**– ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार क्लोराइड्स, फ्लोराईट, नाइट्रेट्स, सल्फर, कार्बोनेट्स, आर्सेनिक, मर्करी, कैडमियम एवं अन्य रसायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल भारतीय मानक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर**–

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	47.89	54.87	75
Night L_{eq}	32.1	46.21	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. **पी.सी.यू. की गणना**– भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को सम्मलित करते हुए ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 48 पी.सी.यू. प्रतिघंटा एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.043 है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 6 पी.सी.यू. की वृद्धि होगी। तत्पश्चात् कुल 54 पी.सी.यू. प्रतिघंटा एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.05 होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ-मटेरियल / प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड डेंसिटी अत्यंत निर्धारित मानक (Excellent) के भीतर है।

vi. जी.एल.सी. की गणना –

Contributed Concentration Levels Particulate Matter (AMBIENT INCLUDED MINING ACTIVITY) For PM_{10}					
S. No.	Activity in the mine	Maximum Baseline Concentration GLCs ($\mu g/m^3$) at core area	Calculated GLCs ($\mu g/m^3$)	Resultant Concentration ($\mu g/m^3$)	Limit (Industrial, Residential, Rural and other area) ($\mu g/m^3$)
1.	Overall Activities control ROM	65.21	13.0	78.21	100
2.	Overall Activities uncontrolled ROM		34.0	99.21	
3.	ROM Blasting		2.2	67.41	

16. लोक सुनवाई दिनांक 21/04/2022 प्रातः 12:00 बजे स्थान – ग्राम पंचायत भवन, ग्राम–बंजरहाल, तहसील–राजनांदगांव, जिला–राजनांदगांव में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सहायक सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 26/05/2022 द्वारा प्रेषित किया गया है।

17. जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है:–

i. पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया जाए। खदान से निकलने वाले धूल से किसानों के फसलों, मनुष्यों एवं जीव–जन्तुओं पर बुरा असर पड़ रहा है।

ii. ब्लास्टिंग के समय झंडा लगाकर संकेत किया जाए। खदान में कोर ब्लास्टिंग होने से आसपास के घरों में एवं पहाड़ पर स्थित मंदिर में दरारे आ रही है।

iii. खदान के चारों ओर कांटेदार पेड़ लगाया जाए अथवा लोहे के तार द्वारा घेरा बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों एवं जानवरों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

iv. खदान से उत्पादित मिट्टी पत्थर को परदा में रख दिया जाता है, जिससे धरना ही बंद हो जाता है।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसल्टेंट का कथन निम्नानुसार है:–

i. धूल प्रदूषण को रोकने के लिए जल छिड़काव किया जाएगा। खदान के चारों ओर तथा कच्ची सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया जाएगा, जिससे धूल का प्रदूषण कम हो जाएगा।

iii. अनुभवी कंट्रेक्टर की निगरानी में ही कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाएगा, ब्लास्टिंग निम्न स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। ब्लास्टिंग के पूर्व हूटर बजाकर एवं झंडा लगाकर लोगों को सूचना दी जाएगी।

iii. लीज क्षेत्र के चारों ओर पौधे लगाये जाएंगे, बाउण्ड्री के चारों ओर फेंसिंग कराई गई थी जिसका संधारण कराया जाएगा।

iv. खदान से उत्खनित गिट्टी एवं पत्थर का रखाव लीज क्षेत्र में किया जाएगा।

18. **क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान को शामिल करते हुये क्लस्टर में कुल 5 खदानें आती है। अतः क्लस्टर में शामिल खदानों द्वारा कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है। कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान के तहत् निम्न कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
2 कि.मी. मार्ग के दोनों तरफ (1,334 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (80 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	1,01,384	10,184	10,184	10,184	10,184
	फेंसिंग हेतु राशि	10,67,200	—	—	—	—
	खाद हेतु राशि	10,050	1,020	1,020	1,020	1,020
	सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	6,32,000	4,32,000	4,32,000	4,32,000	4,32,000
कुल राशि = 35,83,450		18,10,634	4,43,204	4,43,204	4,43,204	4,43,204

कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता निम्नानुसार होगी:–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
546 मीटर मार्ग के दोनों तरफ (364 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (80 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	27,664	2,736	2,052	2,052	2,052
	फेंसिंग हेतु राशि	2,91,200	—	—	—	—
	खाद हेतु राशि	2,730	270	210	210	210
	सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	1,72,661	1,17,661	93,248	93,248	93,248
कुल राशि = 9,01,852		4,94,455	1,20,667	95,510	95,510	95,510

19. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु उपयुक्त विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

समिति द्वारा उपरोक्त सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंगवाये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।

2. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 1 के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु उपयुक्त विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

4. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुक्रम निर्धारित शर्तानुसार वृक्षारोपण करते हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

5. डंपर प्लेसिंग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

6. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बायन्डी पिटवर्स द्वारा रीक्लेमेशन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

9. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

12. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान तैयार कर समस्त खदानों को एक नक्शे में प्रदर्शित करते हुये जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों द्वारा कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान के तहत् किये जाने वाले कार्यों हेतु अनुक्रम बनाकर जानकारी प्रस्तुत की जाए।

13. क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों के लिए तैयार कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान हेतु सभी खदानों को अक्षांश एवं देशांतर सहित नक्शे में दर्शाते हुये पुनरीक्षित कर प्रस्तुत किया जाए।

14. क्लस्टर में आने वाली खदानों की उत्खनन गतिविधियों के पर्यावरणीय घटकों पर पड़ने वाले प्रभावों की रोकथाम हेतु क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों को शामिल करते हुये, क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान तैयार किये जाने तथा क्रियान्वित कराने हेतु संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्तर से आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

(ब) समिति की 435वीं बैठक दिनांक 28/11/2022:

समिति द्वारा बैठक दिनांक 28/11/2022 को क्लस्टर के प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक द्वारा उन्हें पूर्व में निर्देशित जानकारी/दस्तावेज एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ कार्यालय में प्रस्तुत करने पर विचार कर, उन्हें निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा नवीन प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. समिति का मत है कि सी.ई.आर., कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान, कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता, सड़कों के रख–रखाव एवं ट्रांसपोर्टेशन कार्य के मॉनिटरिंग एवं परीक्षण हेतु त्रि–पक्षीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर., कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान, कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता, सड़कों के रख–रखाव एवं ट्रांसपोर्टेशन का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।
2. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बैंच, नई दिल्ली द्वारा सर्मेंट पाण्डेय विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/08/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार बिन्दुवार उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 1880/खनि 02/2022 राजनांदगांव, दिनांक 21/10/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर 4 खदानें, क्षेत्रफल 5.384 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम–चंवरडाल) का क्षेत्रफल 2.02 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम–चंवरडाल) को मिलाकर कुल खदानों का क्षेत्रफल 7.404 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक होने के कारण यह खदान बी–1 श्रेणी की मानी गयी।

2. राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़ की 431वीं बैठक दिनांक 28/10/2022 के परिक्रम में चाही गई वांछित जानकारियों/ दस्तावेजों/ अभिलेखों को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

3. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 (तथा संशोधित) के प्रावधानों एवं माननीय एन. जी.टी. द्वारा जारी आदेश के अनुसार क्लस्टर में आने वाली खदानों की उत्खनन गतिविधियों से पर्यावरणीय घटकों पर पड़ने वाले प्रभावों की रोकथाम हेतु क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों को सम्मिल करते हुये, क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट प्लान तैयार किये जाने तथा क्रियान्वित कराने हेतु संचालक, संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला – रायपुर (छत्तीसगढ़) के स्तर से उपयुक्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

4. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु लेख किया जाए।

5. समिति द्वारा विचार किये उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स श्रीमती नीलम पोद्दार (ओवरहेड लाईन स्टोन माईन) को ग्राम–पंचरहाल, तहसील व जिला–राजनांदगांव के पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 341/1 में स्थित चूना पत्थर (मीन खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल – 2.02 हेक्टेयर, क्षमता–49,999 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की सशर्त अनुशंसा की गई।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 25/01/2023 को सम्पन्न 137वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था–**

1. समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये आवेदक – मेसर्स श्रीमती नीलम पोद्दार (ओवरहेड लाईन स्टोन माईन) को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा निर्धारित शर्तों के अंतर्गत निहित किये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पालन नहीं किये जाने की स्थिति में विधिवत् कार्यवाही की जाएगी।

2. सी.ई.आर. के तहत् व्यय राशि (परियोजना की कुल लागत करोड़ 60 लाख का 2 प्रतिशत) को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम (Forest Development Corporation) में जमा किये जाने एवं इसकी सूचना एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम (Forest Development Corporation) को खदान के समीपस्थ वृक्षारोपण कार्य हेतु सी.ई.आर. की राशि (कुल राशि 1,20,000 रूपये) को परियोजना प्रस्तावक के प्राप्त कर एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को सूचित किये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।

3. एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की 431वीं बैठक दिनांक 28/10/2022 के परिक्रम में चाही गई वांछित जानकारियों/दस्तावेजों/अभिलेखों को प्रस्तुत किये जाने के उपरांत एवं नियमानुसार जानकारी/दस्तावेज पूर्ण होने की स्थिति में ही परियोजना प्रस्तावक को सशर्त पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र जारी किया जाए।

4. This Environmental Clearance (EC) is subject to order/judgment of Hon'ble Supreme Court of India, Hon'ble High Court, Hon'ble National Green Tribunal (NGT) and any other Court of Law, Common Cause Conditions as may be applicable.

5. The Project Proponent shall comply with all the statutory requirements and judgment of Hon'ble Supreme Court of India dated 2nd August 2017 in Writ Petition (Civil) No. 114 of 2014 in the matter of Common Cause Vs Union of India and Others before commencing the mining operations.

6. The State Government shall ensure that mining operations shall not be commenced till the entire compensation levied if any, for illegal mining paid by the Project Proponent through their respective Department of Mining & Geology in strict compliance of Judgment of Hon'ble Supreme Court of India dated 2nd August 2017 in Writ Petition (Civil) No. 114 of 2014 in the matter of Common Cause Vs Union of India and Others.

7. The Project Proponent shall follow the mitigation measures provided in MoEF&CC OM No. Z-11013/57/2014-IA.II(M) dated 29/10/2014 titled Impact of Mining activities on Habitations-Issues related to the mining projects wherein Habitations and villages are the part of mine lease areas or Habitations and villages are surrounded by the mine lease area.

8. The Project Proponent shall inform to MoEF&CC/SEIAA for any change in ownership of the mining lease. In case there is any change in ownership or mining lease is transferred, Project Proponent need to apply for transfer of Environmental Clearance as per provisions of the para 11 of EIA Notification, 2006, as amended from time to time.

This Environmental Clearance shall be effective from the date of submission of requisite documents as prescribed/recommended by SEAC for this project.

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 15/02/2023 के परिशिष्ट में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 13/07/2023 को प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर में आवेदन किया जाना बताया गया है, जो अग्रसर है। इस बाबत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त पालन प्रतिवेदन प्राप्त होने उपरांत जमा किये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकरण का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दु क्रमांक 1 के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया गया है।

3. एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 2286, दिनांक 16/02/2023 द्वारा सी.ई.आर. के तहत् व्यय राशि (परियोजना की कुल लागत रूपये 60 लाख का 2 प्रतिशत) को छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम (Forest Development Corporation) में जमा किये जाने एवं इसकी सूचना एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को दिये जाने हेतु प्रबंधन निदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम, नया रायपुर अटल नगर को पत्र प्रेषित किया गया था। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम (Forest Development Corporation) से आज दिनांक तक जानकारी/पत्राचार प्राप्त नहीं हुआ है।

परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
60	2%	1.20	Following activities at, Village- Chavardhal	
			Pavitra Van Nirman	10.74
			Total	10.74

सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन निर्माण" वृक्षारोपण (नीम, आम, जामुन, कटहल, जंगम, कर्रा आदि) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 1,008 नग पौधों के लिए राशि 1,47,384 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 1,02,700 रूपये, खाद के लिए राशि 14,560 रूपये एवं सिंचाई के लिए राशि 1,20,000 रूपये तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 54,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 4,38,614 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 6,36,574 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत चवरडाल के सहमति उपरांत वृक्षारोपण स्थान (खसरा क्रमांक 391/1, क्षेत्रफल 1.212 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

प्रतिवेदन का मत है कि सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन निर्माण" के तहत् किये गये वृक्षारोपण का 5 वर्ष उपरांत, उसके संरक्षण की जिम्मेदारी के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत से सहमति पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

4. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित मानदण्डानुसार वृक्षारोपण करते हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया गया है।

5. कंट्रोल बफरिंग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बारगढ़ी पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

9. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना क्र.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

12. पर्यावरणीय प्रदूषण उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

13. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

14. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

15. भविष्य में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किये बिना उत्खनन नहीं करने एवं उत्खनन क्षमता से अधिक उत्खनन कार्य नहीं किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

16. ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर भंडारित कर संरक्षित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरुपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनर्भराव में किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

17. लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में कंटिन्यूस कन्टूर वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी एवं कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान के तहत् किये जाने वाले वृक्षारोपण तथा सी.ई.आर. के तहत् निर्धारित कार्यों की जानकारी जियोटैग (Geotag) फोटोग्राफ्स सहित अर्धवार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित करते हुये प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

18. सी.ई.आर. के अंतर्गत किये जाने वाले वृक्षारोपण का 05 वर्षों तक रख-रखाव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रार्थियों के समक्ष दिये गये आश्वासन को पूरा करने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट के तहत तय की गई राशि का उपयोग पर्यावरण के हित में किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. समिति द्वारा निर्धारित किये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. आरक्षित क्षेत्र में स्थित वृक्षों की प्रजातियों की जानकारी प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही उक्त वृक्षों की आवश्यकता पड़ने पर ही कटाई वन्य प्राधिकारी से अनुमति उपरांत ही किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. पर्यावरणीय संस्कृति (ईसी) भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय, माननीय राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और किसी भी अन्य न्यायालय के आदेश/निर्णय के अधीन है, सामान्य कारण की शर्तें जो लागू हो सकती है, सभी शर्तों का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा "We will Comply the mitigation measures provided in MOEF&CC OM No. Z- 11013/57/2014-IA.II(M) dated 29/10/2014 titled Impact of Mining activities on Habitations- Issues related to the mining projects wherein Habitations and villages are the part of mine lease areas or Habitations and villages are surrounded by the mine lease area." बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. परियोजना प्रस्तावक द्वारा "We will Comply, we inform to MOEF&CC/SEIAA for any change in ownership of the mining lease. In case there is any change in ownership or mining lease is transferred, Project Proponent need to apply for transfer of Environmental Clearance as per provisions of the para 11 of EIA Notification, 2006, as amended from time to time." बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान तैयार कर समस्त खदानों को एक नक्शे में प्रदर्शित करते हुये जानकारी प्रस्तुत की गई है। साथ ही क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों द्वारा कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान के तहत् किये जाने वाले कार्यों हेतु जानकारी प्रस्तुत की गई है।

27. क्लस्टर में आने वाले समस्त खदानों के लिए तैयार कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्लान हेतु सभी खदानों को अक्षांश एवं देशांतर सहित नक्शे में दर्शाते हुये पुनःलिखित कर प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. सी.ई.आर. के अंतर्गत "चरित्र वन निर्माण" के तहत किये गये वृक्षारोपण का 5 वर्ष उपरांत, उसके संरक्षण की जिम्मेदारी के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत से सहमति पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स पीतढ़ारी स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री मतलदीन जायसवाल), ग्राम–पीतढ़ारी, तहसील–कसडोल, जिला–कोरबा (छत्तीसगढ़ का नवमी क्रमांक 1882)**

आवेदन – पूर्व में प्रकरण नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 198140/2021, दिनांक 13/02/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया था। वर्तमान में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के परिपेक्ष्य में श्री राज किशोर चन्द्राकर द्वारा दिनांक 01/01/2022 को लिखापत प्रस्तुत किया गया है।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/06/2021 द्वारा मेसर्स पीतढ़ारी स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री मतलदीन जायसवाल) की ग्राम–पीतढ़ारी, तहसील–कसडोल, जिला–कोरबा के खसरा क्रमांक 425 में स्थित स्टोन (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–2 हेक्टेयर, क्षमता – 33,037 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया गया है।

श्री राज किशोर चन्द्राकर द्वारा दिनांक 01/01/2022 के माध्यम से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को निरस्त एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु प्रस्तुत आवेदन का विधिवत जीव वाहन पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

- आबादी, सैन्यिक संस्थान, अस्पताल से नियमानुसार प्रतिबंधित दूरी कम है।
- खदान क्षेत्र से 10 कि.मी. परिधि क्षेत्र अंतर्गत आरक्षित/संरक्षित वन की सीमा है।
- खदान में 6 मीटर सीमित गहराई तक के लिए उत्खनन पट्टा स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में प्रस्तुत माईनिंग प्लान में 4 मीटर गहराई पर उत्खनन किया जाना उल्लेखित है। जो कि कितने मीटर गहराई तक उत्खनन किया जाएगा स्पष्ट नहीं है।
- पट्टेदार द्वारा ओवर बर्डन को क्षेत्र की ऊंचाई स्तर से 1.5 मीटर तथा क्षेत्रफल 45^2 से अधिक ओवर बर्डन डम्प किया जाकर नियम विरुद्ध मिट्टी/मुरूम को डम्प किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण नहीं किया गया है।
- वर्षा जल से सतही जल स्त्रोत प्रभावित न हो, को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल तथा गारलेण्ड की व्यवस्था नहीं की गई है।
- जीव क्षेत्र के चारों तरफ 7.5 मीटर का सेफ्टी जोन नहीं बनाया गया है तथा 4 मीटर के मीटर सेट डम्प किया जा रहा है।
- वर्ष 2016 में क्षमता 60,000 घनमीटर हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया गया था, जिसे वर्ष 2021 में राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा क्षमता 33,000 टन की अनुमति दिया गया है। पुनः पट्टेदार द्वारा क्षमता

2,00,000 टन के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र इसी वर्ष पुनः प्रस्तुत किया गया है, जो कि नियम विरुद्ध है।

- पट्टेदार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा बार-बार पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की जा रही है, जो कि नियम विरुद्ध है। अतः जाँच कराई जाए एवं पर्यावरणीय स्वीकृति निरस्त किया जाए।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 25/02/2022 को सम्पन्न 118वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** उपरोक्त शिकायत की जाँच करने हेतु डॉ. दीपक सिन्हा, सदस्य, राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण एवं श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा को सम्मिलित करते हुये तीन सदस्यीय उपसमिति गठित किये जाने का निर्णय लिया गया। तीन सदस्यीय उपसमिति स्थल का निरीक्षण करेगी तथा अवलोकन स्थिति से अवगत करायेगी। अतः उपसमिति से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्रकरण पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/03/2022 द्वारा डॉ. दीपक सिन्हा, सदस्य, राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण एवं श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा को स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु सूचित किया गया। तदानुसार उपसमिति द्वारा दिनांक 24/03/2022 को स्थल निरीक्षण कर दिनांक 28/04/2022 को निरीक्षण प्रतिवेदन प्रेषित किया गया।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 11/05/2022 को सम्पन्न 122वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/निरीक्षण प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि प्रेषित निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है–

"निरीक्षण के समय एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ द्वारा गठित उपसमिति के तीन सदस्य डॉ. दीपक सिन्हा, सदस्य, एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ एवं श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ तथा श्री अमृत साहू, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा के साथ-साथ श्री उत्तम खूंटे, खनि निरीक्षक, पट्टेदार श्री नारायण अग्रवाल एवं श्री खनि सिंघाड़े भी उपस्थित थे।

पत्र में उल्लेखित शिकायत का बिंदुवार विवरण एवं निरीक्षण जाँच में पाई गई जानकारी निम्नानुसार है–

1) **आबादी, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल से नियमानुसार प्रतिबंधित दूरी से कम है।**

समिति द्वारा जाँच करने पर पाया गया है कि लीज क्षेत्र से सन्निकट आबादी की दूरी लगभग 800 मीटर है, जो कि छत्तीसगढ़ लघु खनिज अधिनियम, 2015 (यथा संशोधित) के अनुसार आबादी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल से नियमानुसार प्रतिबंधित दूरी से अधिक है।

2) **अवैध क्षेत्र से 50 कि.मी. परिधि क्षेत्र के अन्तर्गत आरक्षित या संरक्षित वन की सीमा है।**

समिति द्वारा जाँच करने पर पाया कि लीज क्षेत्र से वन भूमि दूरी लगभग 520 मीटर है, जो कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम, 2015 (यथा संशोधित) पट्टेदार को आवंटित क्षेत्र, वन क्षेत्र की निर्धारित दूरी की सीमा के बाहर है।

3) **खदान में 6 मीटर सीमित गहराई तक के लिए उत्खनन पट्टा स्वीकृत किया गया है वर्तमान में प्रस्तुत माइनिंग प्लान में 6 मीटर गहराई तक उत्खनन किया जाना उल्लेखित है जो कि कितने मीटर गहराई तक उत्खनन किया जाएगा स्पष्ट नहीं है।**

पट्टेदार द्वारा प्रस्तुत अनुमोदित माईनिंग प्लान के अनुसार 15 मीटर गहराई तक उत्खनन करने की योजना का उल्लेख है निरीक्षण के समय पाया गया कि परियोजना प्रस्तावक को स्वीकृत उत्खनन पट्टा क्षेत्र एक छोटी पहाड़ीनुमा (small hillock) में अवस्थित क्षेत्र है। अतः योजना में प्रस्तावित गहराई न होकर ऊंचाई से सम्बंधित है। वर्तमान में स्वीकृत पट्टा क्षेत्र के एक छोटे से भाग में उत्खनन किया जा रहा है जो लगभग 15 मीटर है, माइंस एक्ट, 1952 के अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई खोदने पर सुरक्षा नियम लागू होता है। अतः उपरोक्त गम्भीर शिकायत जाँच की कार्यवाही हेतु संचालनालय, भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ / डीजीएमएस को लेख किया जाना उचित होगा।

4) **पट्टेदार द्वारा ओवर बर्डन डंप की ऊंचाई सतह से 1.5 मीटर तथा स्लोप 45 डिग्री से अधिक डंप किया जाकर नियम के विरुद्ध मिट्टी/मुरूम को डंप किया जा रहा है साथ ही वृक्षारोपण नहीं किया गया है।**

यह शिकायत का बिंदु माइंस एक्ट एवं सेफ्टी रूल से सम्बंधित है। अतः उपरोक्त जाँच की कार्यवाही हेतु संचालनालय, भौमिकी एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़/डीजीएमएस को लेख किया जाना उचित होगा।

समिति के समक्ष यह भी संज्ञान में आया कि पट्टेदार द्वारा निर्धारित चौड़ी 7.5 मीटर वृक्षारोपण नहीं किया गया है, जो पर्यावरण नियमों के उल्लंघन है।

5) **वर्षा जल से मलबा जल प्रभावित न हो को रोकने के लिए रिटेनिंग वाल तथा गारलैंड की व्यवस्था नहीं की गई है।**

स्वीकृत क्षेत्र पहाड़ी होने के कारण वर्षा जल सतह में आता है, रिटेनिंग वाल तथा गारलैंड बनाया जाना था, जो नहीं बनाया गया है। पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्त अनुसार गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग पीण्ड का निर्माण नहीं किया गया है।

पट्टेदार द्वारा समिति के समक्ष यह संज्ञान में लाया गया कि खनिज क्षेत्र के समीप ही एक गड्ढा बनाया गया है जिसमें वर्षा जल संचित होकर ग्राउंड वाटर रिचार्ज होता है।

6) **लीज क्षेत्र के चारों तरफ 7.5 मीटर का सेफ्टी जोन नहीं बनाया गया है तथा 4 मीटर के भीतर वेस्ट डंप किया जा रहा है।**

स्वीकृत लीज क्षेत्र में 4 मीटर के दूरी तक वेस्ट डंप नहीं होना पाया गया है, उत्खनन क्षेत्र में 7.5 मीटर की सेफ्टी जोन नहीं छोड़ा गया है।

7) **वर्ष 2018 में क्षमता 60,000 घनमीटर हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया गया था, जिसे वर्ष 2021 में राज्य स्तरीय पर्यावरण आघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा क्षमता 33,000 टन की अनुमति दिया गया था, पुनः पट्टेदार द्वारा क्षमता 2,00,000

टन के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र इस वर्ष पुनः प्रस्तुत किया गया है जो नियम विरुद्ध है।

खनिज अधिकारी कोरबा द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर 2016 से आज दिनांक तक निर्धारित सीमा 60,000 टन प्रतिवर्ष एवं 33,037 टन प्रतिवर्ष से अधिक खनन का उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन आबंटित क्षेत्र में लीज क्षेत्र के बाहर खुदाई के प्रमाण मिले है जिसके असेसमेंट के लिए संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़/डीजीएमएस को लेख किया जाना उचित होगा।

उपरोक्त जाँच के समय पर्यावरण सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य जो उपसमिति के सदस्यों द्वारा उल्लेखित किया जाना आवश्यक समझा गया वो निम्नानुसार है:

- लीज क्षेत्र के चारों ओर केवल सीमा स्तम्भ स्थापित है। लीज क्षेत्र के चारों ओर नियमानुसार फेंसिंग कार्य नहीं किया गया है।
- 7.5 मीटर सीमा क्षेत्र के चारों ओर में वृक्षारोपण नहीं किया गया है।
- लीज क्षेत्र के आसपास निर्धारित सीमा के बाहर उत्खनन पाया गया है।

प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।"

प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त चर्चोपरान्त से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि–

1. बिन्दु क्रमांक 3 के परिप्रेक्ष्य में माइंस एक्ट, 1952 के अनुसार 6 मीटर से अधिक गहराई खोदने पर सुरक्षा नियम लागू होता है। अतः उसके पालन सम्बन्धी शिकायत जाँच की कार्यवाही हेतु संचालनालय, भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ / डीजीएमएस को लेख किया जाए।
2. बिन्दु क्रमांक 4 के परिप्रेक्ष्य में ओवर बर्डन डंप की ऊंचाई मतलब से तथा सर्वोच्च के संबंध में जाँच की कार्यवाही हेतु संचालनालय, भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ / डीजीएमएस को लेख किया जाए। साथ ही पट्टेदार द्वारा निर्धारित बाउंड्री 7.5 मीटर में वृक्षारोपण नहीं किये जाने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को लेख किया जाए।
3. बिन्दु क्रमांक 5 के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्त अनुसार सेटलिंग ड्रेन एवं सेटलिंग पोण्ड का निर्माण नहीं किये एवं बिन्दु क्रमांक 6 के परिप्रेक्ष्य में उत्खनन क्षेत्र में 7.5 मीटर की सेफ्टी जोन नहीं छोड़े जाने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को लेख किया जाए।
4. बिन्दु क्रमांक 7 के परिप्रेक्ष्य में आबंटित क्षेत्र में लीज क्षेत्र के बाहर खुदाई के प्रमाण मिले है, जिसके असेसमेंट के लिए संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़/डीजीएमएस को लेख किया जाए।
5. लीज क्षेत्र के चारों ओर नियमानुसार फेंसिंग कार्य नहीं किये जाने के लिए संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म छत्तीसगढ़/डीजीएमएस को लेख किया जाए। साथ ही लीज क्षेत्र के आसपास निर्धारित सीमा के बाहर उत्खनन किये जाने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत परियोजना प्रस्तावक

के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को प्रेषित किया जाए।

तदानुसार एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/06/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 22/08/2022 के माध्यम से तथ्य प्रस्तुत किये है। परियोजना प्रस्तावक के कथनानुसार–

- उपसमिति द्वारा किये गए निरीक्षण के दौरान पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों का पालन पूर्ण नहीं करने हेतु टिप्पणी की गई थी परन्तु निरीक्षण के उपरांत दिये गए दिशा–निर्देश अनुसार वर्तमान में वृक्षारोपण, गारलेण्ड ड्रेन का निर्माण तथा सीक पीट आदि का निर्माण कर लिया गया है। अतः उपसमिति पुनः निरीक्षण कर सकती है।

- चूंकि मेरी एक ही खदान है तथा कोविड के कारण उक्त खदान को ठीक से चला भी नहीं पाए है एवं मेरी स्थिति काफी दयनीय है। वर्तमान में अब मुझे ज्ञात हुआ है कि मेरे विरुद्ध वैधानिक एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किया जाना है। इस विषय में मुझे पहले कभी कोई नोटिस भी प्राप्त नहीं हुआ है अतः सुधार का एक मौका दिया जाए। मैं पर्यावरण स्वीकृति के समस्त नियमों का पालन करूंगा।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 15/09/2022 को संपन्न 136वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 22/08/2022 के माध्यम से प्रस्तुत तथ्य अनुसार, वर्तमान में वृक्षारोपण, गारलेण्ड ड्रेन का निर्माण तथा सीक पीट आदि का निर्माण कर लिया जाना बताया गया है।

प्राधिकरण द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उल्लेखित तथ्यों के संबंध में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 14/10/2022 द्वारा पत्र प्रेषित किया गया, जिसके परिपेक्ष्य में जानकारी आज दिनांक तक अपेक्षित है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 16/12/2022 को संपन्न 138वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि:–

1. श्री मनीष सतीश द्वारा आवेदित खदान पर अवैध खनन एवं पर्यावरण स्वीकृति बिना ही अवैध खनन की जांच तथा पत्थर खदान की समस्त विस्तारण पर रोक लगाने तथा वैधानिक कार्यवाही किये जाने बाबत् शिकायत दिनांक 24/11/2022 को प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

   "कोरबा जिले के ग्राम–घाटाडाली में खसरा क्रमांक 425/1 के 2 हेक्टेयर में भारतीय जनसंसद के द्वारा पत्थर खदान संचालित है इनके द्वारा पूर्व में फरवरी 13/02/2022 में अपने खदान के समस्त विस्तार के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आवेदन दिया था जिस पर आप के निकाय ने याचिकाकर्ता चंद्राकर के शिकायत पर दिनांक 24/03/2022 को जांच समिति ने पर्यावरण

नियमों के उल्लंघन तथा अवैध खनन जांच में पाया था। वैधानिक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था जिस खदान संचालक ने पुनः आप को यहां भ्रामकता एवं दुष्प्रचारण की गलत जानकारी देकर पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए झूठा पत्र दिया है।

अतः शिकायत के निम्न बिंदुओं की विस्तृत जांच कर खदान महाधीन जायसवाल एवं नेहानल हाइवे 140-बी का घोषा से उनका निर्माण करने वाली कंपनी जिनको इन्होंने अनुबंध के तहत उक्त खदान सौंप दिया, पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

- उक्त खदान के उत्पादन क्षमता विस्तारण के लिए माइनिंग प्लान में जो RL- 310 मीटर दिया है, उसकी आज वर्तमान समय में क्या स्थिति है?
- उक्त खदान में RL- 310 से कितने मीटर गहरे RL तक उक्त खदान संचालक एवं कंपनी द्वारा बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के कितनी मात्रा में अवैध खनन किया है?
- उक्त खदान के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति के विरुद्ध माइंस सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया, जिसमें कि प्लान में दिए गए बैंच बनाने का नियम का सीधा उल्लंघन किया गया।
- उक्त खदान से कोरबा वन क्षेत्र के नारंगी वन खण्ड खसरा 425 से कितनी दूरी है या वन विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त कर जांच की जाए एवं कितनी रकबा वन विभाग के नारंगी वन में अवैध खनन किया गया है कि जांच की जाए।

उपरोक्त बिंदुओं की आपकी समिति द्वारा पुनः आवेदित स्थल का निरीक्षण कर उक्त खदान संचालक एवं कंपनी पर पर्यावरणीय स्वीकृति उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।"

प्राधिकरण द्वारा तत्पश्चात कार्यसूची से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उल्लेखित तथ्यों तथा वर्तमान में दुष्प्रचारण, पारलेण्ड ट्रेन का निर्माण तथा कोल पीट आदि का निर्माण कर लिये जाने के संबंध में एवं शिकायतकर्ता (श्री मनीष सतीर) द्वारा प्रेषित शिकायत के संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए। साथ ही अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुये उपरयुक्त फोटोग्राफ्स दिनांक सहित बिन्दुवार निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। अतः छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्रकरण पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 02/01/2023 द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु पत्र लेख किया गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में निरीक्षण प्रतिवेदन आज दिनांक तक अप्राप्त है।

वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा शिकायतकर्ता (श्री मनीष सतीर) द्वारा प्रेषित शिकायत के संबंध में दिनांक 07/02/2023 को पत्र प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 03/03/2023 को संपन्न 140वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज/पत्र का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत पत्र में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:-

"मनीष राठौर, पिता मेघलाल राठौर, निवासी खरसोर, जिला कोरबा द्वारा अपने आय की मा0 कार्यवाही बताकर आवेदक महाविन्ध्य आयसचाल को प्रेषित किया जा रहा है। आवेदक की ग्राम खटखुरी तहसील बलवाही (कसडोल) जिला कोरबा में संचालित चूनाखदान की माइंस है। जिसका रकबा 2 हेक्टेयर, खसरा नं. 425, अवधि 07.06.2010 से 07.06.2040 तक है। उक्त माइंस का संचालन विगत 13 वर्षों से पूर्ण नियम कायदों से किया जा रहा है। उक्त माइंस का मनीष राठौर द्वारा विगत दिनों से शिकायत करने पर तहसील बलवाही, क्षेत्रीय पर्यावरण बोर्ड कोरबा व DGMS Bilaspur द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण पश्चात कोई भी खनी माइंस के संचालन में नहीं पायी गयी। तहसीलदार बलवाही की जांच रिपोर्ट, क्षेत्रीय पर्यावरण बोर्ड कोरबा की जांच रिपोर्ट, माइनिंग की एसेसमेंट रिपोर्ट व DGMS Bilaspur की जांच रिपोर्ट इस आवेदन के साथ संलग्न है।

मनीष राठौर एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध कोरबा जिले के विभिन्न थाने में कई अपराध पंजीबद्ध है व कई मुकदमे न्यायालय में चल भी रहे है। मनीष राठौर के खिलाफ कोरबा जिले के हर थाने में शिकायत मौजूद है। इस आदतन अपराधी को अभी विगत कुछ माह पूर्व ही हाई कोर्ट से जमानत मिली है। जमानत मिलने पश्चात यह फिर से अपने अवैध वसूली वाले कार्य में लिप्त हो गया है। इस अपराधी का अन्य कोई आय का स्रोत न होने पर भी यह शाही जिन्दगी जीता है। मात्र लगाकर लोगों से भयादोहन करना ही इसका एक मात्र पेशा है। मनीष राठौर के खिलाफ हुई शिकायत व कार्यवाही की कुछ प्रतियां इस आवेदन के साथ संलग्न है।

मेरी आयु लगभग 70 वर्ष हो चुकी है व मेरी आय का एकमात्र जरिया यही माइंस है। मैं मनीष राठौर द्वारा आये दिन की जाने वाली शिकायतों से तंग आ चुका हूं। मेरा शरीर भी जर्जर अवस्था में पहुंच गया है व कई बिमारियों का घर बन चुका है। मुझे निकट भविष्य में कोई शारीरिक क्षति होती है या मेरी मृत्यु होती है तो इसका जिम्मेदार पूर्ण रूपेण से मनीष राठौर ही होगा। मेरी आकस्मिक मृत्यु होने पर मनीष राठौर के खिलाफ इस पत्र के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाये तथा अभी वर्तमान में मनीष राठौर के उपर कड़ी कार्यवाही की जाये।"

प्राधिकरण द्वारा तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि पूर्व में निर्धारित स्थल निरीक्षण के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से आवेदन में स्थल का निरीक्षण किये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए। साथ ही स्थल निरीक्षण के दौरान यदि शर्तों का पालन नहीं किया जाना पाया जाता है, तो परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 17/03/2023 के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 13/07/2023 को प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। प्राधिकरण द्वारा नोट किया गया कि:-

1. सहायक संचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, नया रायपुर अटल नगर द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, कोरबा प्रेषित पालन प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:-

- तहसीलदार बलौदा के प्रतिवेदन अनुसार उक्त स्वीकृत उत्खननिष्ठा के सीमांकन में रकबा 1.82 हेक्टेयर भूमि पर पत्थर उत्खनन किया गया है, जो कि स्वीकृत उत्खननिष्ठा रकबा 2 हेक्टेयर क्षेत्र के सीमा के अंदर पाया गया है। प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न है।

- निरीक्षण में 7.5 मीटर की परिधि में वृक्षारोपण किया जाना पाया गया। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वृक्षारोपण कार्य असफल है। माईन प्रबंधन द्वारा परिवहन मार्ग एवं समीप के रिक्त भूमि पर लगभग 500 नग वृक्षारोपण किया गया है, जिसमें से अधिकतम पौधे जीवित पाये गये।

- माईन प्रबंधन द्वारा कार्यक्षेत्र में गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग पोण्ड का निर्माण किया गया है। गारलेण्ड ड्रेन में वर्तमान में गाद का जमाव होना पाया गया।

- खनिज विभाग से संबंधित जानकारी प्रदान किये जाने के संबंध में खनिज अधिकारी जिला बलौदा बाजार के पत्र दिनांक 27/04/2023 के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया है।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तानुसार 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य नहीं किया गया है तथा निरीक्षण के दौरान लीज क्षेत्र के चारों ओर नियमानुसार फेंसिंग, गारलेण्ड ड्रेन एवं सेटलिंग पोण्ड का निर्माण कार्य नहीं किया गया था। अतः उक्त के संबंध में प्राधिकरण का मत है कि पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों का पालन नहीं किये जाने के कारण परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल को पत्र लेख किया जाना आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि** परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल को पत्र लेख किया जाए।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर को पत्र लेख किया जाए।

एजेण्डा आवंटन क्रमांक–6. नाम परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन के संबंध में निर्णय लिया जाना।

1. **मेसर्स रेडिएन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–बलौदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा**

ऑनलाईन आवेदन – प्रस्ताव नम्बर – एसआईए /सीजी /सीएमआईएन/ 298702/2023 दिनांक 04/05/2023। मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स रेडिएन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर नामांतरित (Transfer) किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

प्रकरण का विवरण –

1. उपरोक्त बलौदा, तहसील–बलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 1586, 1587, 1588, 1589, 1590, 1591, 1592, 1599, 1643, 1644, 1645, 1647,

1650, 1651, 1653 एवं अन्य, कुल क्षेत्रफल 14.83 एकड़, वेट लाईन कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष की है।

2. पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के क्रमांक 345, दिनांक 18/07/2017 द्वारा कलीदा, तहसील–कलीदा, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 1586, 1587, 1588, 1589, 1590, 1591, 1592, 1599, 1643, 1644, 1645, 1647, 1650, 1651, 1653 एवं अन्य, कुल क्षेत्रफल 14.83 एकड़, वेट लाईन कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।

3. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर द्वारा वेट लाईन कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 02/02/2022 को मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड के नाम से जारी की गई है, जो दिनांक 31/01/2025 तक की अवधि हेतु वैध है।

4. मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स रेडियन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरण किये जाने बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. मेसर्स रेडियन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व में मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का पालन किये जाने बाबत् अण्डरटेकिंग प्रस्तुत किया गया है।

6. मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड एवं मेसर्स रेडियन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किये गये बिजनेस ट्रान्सफर एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

7. मेसर्स हिन्द इनर्जी एण्ड कोल बेनिफिसिएशन (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा बोर्ड ऑफ रिसोल्यूशन की प्रति प्रस्तुत की गई है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार निम्नवत उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि:–**

1. **RoC Certificate has not been submitted, please submit either a copy of Certificate of Incorporation pursuant to change of name from Hind Energy to Radiant Coal issued by Registrar of Companies, Ministry of Corporate Affairs or N.C.L.T. order.**

2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वर्णित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–नवनपुर–मिश्रवर्गज, तहसील व जिला–सूरजपुर

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /सीएमआईएन/ 298879/2023, दिनांक 08/05/2023। मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर नामांतरित (Transfer) किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण –

1. उद्योग औद्योगिक क्षेत्र, नवनपुर मिश्रवर्गज, तहसील व जिला–सूरजपुर स्थित प्लाट नं. 140–147, 163–165, 173–175 एवं 166–172, कुल क्षेत्रफल 5.74 एकड़, कोल वॉशरी क्षमता–0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष (ड्राई एयर डिग्रीज) की है।
2. पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के क्रमांक 1325, दिनांक 27/01/2017 द्वारा औद्योगिक क्षेत्र, नवनपुर मिश्रवर्गज, तहसील व जिला–सूरजपुर स्थित प्लाट नं. 140–147, 163–165, 173–175 एवं 166–172, कुल क्षेत्रफल 5.74 एकड़, कोल वॉशरी क्षमता–0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष (ड्राई एयर डिग्रीज) हेतु मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।
3. क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला–बलरामपुर द्वारा कोल वॉशरी क्षमता–0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष (ड्राई एयर डिग्रीज) हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 30/03/2022 को मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जारी की गई है, जो दिनांक 31/03/2025 तक की अवधि हेतु वैध है।
4. मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरण किये जाने बाबत् मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड का अभ्यर्पित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
5. मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व में मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों का पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarize undertaking) प्रस्तुत किया गया है।
6. मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड का निगमन का प्रमाण पत्र (Certificate of Incorporation) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
7. मेसर्स हिन्द मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड का 6 कम्पनीज एक्ट, 1956 की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. मेसर्स लखदातार कोल एण्ड मिनरल्स बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कोई ऑफ रिसीप्शन की प्रति प्रस्तुत की गई है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 162वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा

गलती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत कार्यवाही के निर्णय लिया गया कि:–**

1. **RoC Certificate has not been submitted, please submit either a copy of Certificate of Incorporation pursuant to change of name from Hind Energy to Radiant Coal issued by Registrar of Companies, Ministry of Corporate Affairs or N.C.L.T. order.**
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नेल्को टावर्स अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स रेडियन्ट कोल केनीकिलेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–कलौदा, तहसील–कालेर, जिला–जांजगीर–चांपा

ऑनलाईन आवेदन – प्रस्ताव नम्बर – एसआईए /सीजी /सीएमआईएन/ 200858/2023, दिनांक 08/05/2023। मेसर्स क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स रेडियन्ट कोल केनीकिलेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरित (Transfer) किये जाने हेतु आवेदन किया गया है।

प्रकरण का विवरण –

1. उपग्राम कलौदा, तहसील–कलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 1522/1, 2, 3, 4, 5, 6, 1524, 1573, 1574, 1575, 1576, 1578 एवं 1579/1, कुल क्षेत्रफल 11.25 एकड़, कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष की है।
2. पूर्व में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के द्वारा क्रमांक 277, दिनांक 20/10/2009 द्वारा कलौदा, तहसील–कलौदा, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 1522/1, 2, 3, 4, 5, 6, 1524, 1573, 1574, 1575, 1576, 1578 एवं 1579/1, कुल क्षेत्रफल 11.25 एकड़, कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु मेसर्स क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।
3. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नया रायपुर अटल नगर द्वारा कोल वॉशरी उत्पादन क्षमता–0.9 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 29/03/2023 को मेसर्स क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से जारी की गई है, जो दिनांक 31/03/2025 तक की अवधि हेतु वैध है।
4. मेसर्स क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को मेसर्स रेडियन्ट कोल केनीकिलेशन प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरण किये जाने बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
5. मेसर्स रेडियन्ट कोल केनीकिलेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व में मेसर्स क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में अंकित शर्तों का पालन किये जाने बाबत् अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है।

e. मेसर्स वर्डीन कोल इन्फ्राइजेस प्राईवेट लिमिटेड एवं मेसर्स रेडियन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किये गये बिजनेस ट्रान्सफर एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

f. मेसर्स वर्डीन कोल इन्फ्राइजेस प्राईवेट लिमिटेड एवं मेसर्स रेडियन्ट कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा बोर्ड ऑफ रिसोल्यूशन की प्रति प्रस्तुत की गई है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को संपन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि:–**

1. **RoC Certificate has not been submitted, please submit either a copy of Certificate of Incorporation pursuant to change of name from Hind Energy to Radiant Coal issued by Registrar of Companies, Ministry of Corporate Affairs or N.C.L.T. order**
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नया रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–6 **जिला कोरबा के 12 रेत घाटों को खनिज विभाग द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त पर्यावरण स्वीकृति को नदियों के भूहाने में होने वाली गंभीर क्षति के संबंध में तत्काल निरस्त करने बाबत् प्राप्त शिकायत पर विचार कर निर्णय लिया जाना।**

सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, नया रायपुर अटल नगर के ज्ञापन दिनांक 04/07/2023 द्वारा श्री दिनेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड नं. 35, मकान नं. 33/89, शांति नगर, बिर रोड बालको, जिला–कोरबा के माध्यम से "जिला कोरबा के 12 रेत घाटों को खनिज विभाग द्वारा पर्यावरण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त पर्यावरण स्वीकृति को नदियों के भूहाने में होने वाली गंभीर क्षति के संबंध में तत्काल निरस्त करने बाबत्" शिकायत प्रेषित किया गया है। शिकायत में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

"जिला कोरबा में खनिज विभाग द्वारा 35 नये रेत घाटों को चिन्हांकित किया गया है, इनमें से 12 नवीन रेत घाटों की पर्यावरण स्वीकृति हेतु आपके कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अगर आपके विभाग द्वारा इन नवीन रेत घाटों को पर्यावरण स्वीकृति दी जाती है तो भविष्य में रेत माफियों द्वारा बड़े पैमाने पर नदी के भूहाने की गंभीर क्षति रेत उत्खनन के लिए किया जाएगा जिससे निकट भविष्य में नदियों के अस्तित्व पर गंभीर विपरीत स्थिति निर्मित होगी और कालांतर में नदियों का वजूद ही खत्म हो जाएगा जिससे कहीं न कहीं पर्यावरण के परिस्थितिकीय पर

बजुद ही खाम हो जाएंगा जिससे कहीं न कहीं पर्यावरण के परिस्थितितंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा भविष्य में एक गहरे जल संकट की स्थिति इस क्षेत्र में देखने को मिलेगी, चूंकि रेत उत्खनन में जिन नियमों व शर्तों का पालन किया जाना होता है, उसे रेत माफियों द्वारा पूरा नहीं किया जाता रेत के बंदरबाट में नदियों को काफी नुकसान पहुंचाया जाता है, जिससे नदी के भूगर्भ में शुष्कता, जल भराव क्षमता में कमी आदि देखने को मिलती है।

नदियों के अस्तित्व बचाने हेतु कोरबा जिले के 12 नवीन रेत घाटों की पर्यावरण स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 04/08/2023 को सम्पन्न 152वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा जानकारी/दस्तावेज का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार किये उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:–**

1. पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जिला कोरबा द्वारा 12 रेत घाटों से संबंधित प्रकरणों पर शिकायत के परिप्रेक्ष्य में भी परीक्षण किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।
2. शिकायतकर्ता (श्री मनीष सहीन) द्वारा प्रेषित शिकायत के संबंध में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ की आगामी बैठक में उपसमिति का गठन कर स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए। साथ ही अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुये कालबद्ध कार्यक्रम दिनांक सहित बिन्दुवार निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ एवं परिवेशीय प्रभावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

(अरुण प्रसाद सी.)
सदस्य सचिव,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(देवाशीष दास)
अध्यक्ष,
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन
प्राधिकरण, छत्तीसगढ़

(श्री दीपक सिन्हा)
सदस्य
राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़